# स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग

**दसवीं कक्षा** **सेतुबंध शिक्षण की कार्ययोजना** **तृतीयभाषा हिंदी**

## 2023-24

| अ.क्र | अधिगम-प्रतिफल | अधिगम बिंदु | सुझावात्मक-क्रियाकलाप | क्रियाकलाप हेतु सामान्य सूचनाएँ |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वर्ण और बारहखड़ी का संदर्भानुसार प्रयोग करते हैं। | **वर्णमाला**<br>स्वर, व्यंजन और अनुनासिक वर्णों को पहचानना।<br>**बारहखड़ी**<br>स्वरमात्रों को पहचानना।<br>बारहखड़ी से परिचित होना। | **सुनना-बोलना:**<br>➢ विडियो द्वारा कुछ वाक्य सुनाइए और बुलवाइए<br>➢ वाक्यों में निहित वर्णों को बुलवाइए।<br>➢ अनुनासिक वर्णों को बुलवाइए।<br>➢ छात्रों द्वारा वर्णमाला का अभ्यास कराइए।<br>**पढ़ना-लिखना**<br>➢ स्वर और स्वरमात्राओं को पढ़ाइए और लिखाइए।<br>➢ बारहखड़ी को पढ़ाइए और लिखाइए। | ऑडियो-विडियो,फलैश कार्ड, श्यामपट, अभ्यास पुस्तिका को संदर्भानुसार उपयोग करना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | ➢ स्वर मात्रा, बारहखड़ी<br>आदि को पढ़ाइए और लिखाइए। | |
| 02 | संदर्भानुसार शब्दों की रचना करते हैं। | ➢ सरल शब्दों की रचना।<br>➢ मात्रायुक्त शब्दों की रचना।<br>➢ द्वित्व प्रयुक्त शब्दों की रचना।<br>➢ संयुक्ताक्षरयुक्त शब्दों की रचना। | **सुनना-बोलना, लिखना- पढ़ना:**<br>➢ शब्दों के अंत्य वर्णों से नये-नये शब्द लिखाइए।<br>➢ चित्रों द्वारा शब्द लिखाइए।<br>➢ सरल शब्द, मात्रायुक्त,संयुक्त और द्वित्व युक्त शब्दों का ऑडियो सुनवाइए, विडियो दिखाइए, छात्रों द्वारा बुलवाइए।<br>➢ फलैश-कार्ड, श्यामपट, अभ्यास-पुस्तिका की सहयता से सरल शब्द, मात्रायुक्त शब्द और संयुक्ताक्षरयुक्त शब्दों को पढ़ाइए और लिखाइए।<br>➢ शब्दों के अनुलेखन, प्रतिलेखन और श्रुतलेखन कराइए। | ऑडियो-विडियो फलैश कार्ड, श्यामपट, अभ्यास-पुस्तिका को संदर्भानुसार उपयोग करना। |
| 03 | शुद्ध और अशुद्ध वर्तनीवाले शब्दों का अंतर कर सकते हैं। | ➢ शुद्ध और अशुद्ध वर्तनीवाले शब्दों को पहचानना।<br>➢ शब्दों में ह्रस्व और दीर्घ स्वरों का सही प्रयोग।<br>➢ शब्दों में अल्पप्राण और महाप्राण व्यंजनयुक्त शब्दों का सही प्रयोग।<br>➢ शब्दों में अनुस्वार-चंद्रबिंदु का सही | **लिखना- पढ़ना:**<br>➢ शुद्ध और अशुद्ध वर्तनीवाले शब्दों की सूची दीजिए उनमें शुद्ध वर्तनीवाले शब्दों को पहचानने के लिए कहिए।<br>➢ शुद्ध वर्तनीवाले सरल शब्दों को लिखाइए-पढाइए। | फलैश-कार्ड, श्यामपट, अभ्यास पुस्तिका को संदर्भानुसार उपयोग करना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रयोग। | जैसे-<br>➢ श ष, स प्रयुक्त शब्द।<br>➢ ऋ और रु प्रयुक्त शब्द।<br>➢ र मात्रायुक्त शब्द।<br>➢ सही वर्तनीवाले शब्दों को लिखाइए और पढ़ाइए। | |
| 04 | वाक्यों की रचना करते हैं। | ➢ सरल वाक्यों की रचना।<br>➢ चित्रों के आधार पर वाक्यों की रचना।<br>➢ विविध परिवेश के आधार पर वाक्यों की रचना।<br>➢ संदर्भानुसार वाक्यों की रचना।<br>➢ वाक्यो में विराम चिह्नों का सही प्रयोग करना। | **सुनना-बोलना**<br>➢ विभिन्न परिवेश से संबंधित जैसे- बाज़ार, अस्पताल, विद्यालय-आदि से संबंधित सरल वाक्यों को सुनाइए और छात्रों द्वारा बुलवाइए।<br>चित्रों के आधार पर वाक्यों को बुलाइए।<br>पढ़ना-लिखना:<br>➢ चित्रों के आधार पर वाक्यों को लिखाइए।<br>➢ संदर्भानुसार वाक्यों को पढ़ाइए और लिखाइए।<br>➢ सरल वाक्यों की रचना कराइए। सरल वाक्यों का अनुलेखन, प्रतिलेखन और श्रुतलेखन।<br>➢ वाक्यों में पूर्णविराम,प्रश्नार्थक, विस्मयादि-बोधक चिह्न का सही | फलैश कार्ड, श्याम पट, अभ्यास पुस्तिका को संदर्भानुसार उपयोग करना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रयोग कराइए। | |
| 05 | विविध प्रकार की रचनाओं को पढ़कर समझते हैं। | ➢ सरल अनुच्छेद पढ़ना और समझना।<br>➢ लघु कहानी पढ़ना और समझना।<br>➢ चित्र कहानी पढ़ना और समझना ।<br>➢ समाचार पत्र, भितिपत्र, पत्रिकाएँ आदि को पढ़ाना। | **सुनना-बोलना-लिखना-पढ़ना:**<br>➢ लघु कहानी और अन्य साहित्यिक विधाओं को पढ़ाइए और प्रश्नोंत्तर बुलवाइए। (स्तरानुसार)<br>➢ अपूर्ण चित्र कहानी को सुनाइए, छात्रों द्वारा कहानी को पूर्णता से बुलवाइए।<br>➢ सरल अनुच्छेद पढ़िए प्रश्नों के उत्तर बुलवाइए और लिखाइए।<br>➢ समाचार पत्र, भितिपत्र,पत्रिकाएँ आदि को पढ़ाइए और मुख्य बिंदुओं की सूची बनाइए। | फलैश कार्ड, श्याम पट, अभ्यास पुस्तिका को संदर्भानुसार उपयोग करना। |

**सूचना: यहाँ निर्देशित क्रियाकलापों के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, बेंगलूर द्वारा प्रकाशित हिंदी-सुमन अभ्यास पुस्तिका के क्रियाकलापों का उपयोग कर सकते हैं।**

# विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग
## दसवीं कक्षा
## प्रश्नकोश

1. स्वर वर्णों को अनुक्रम से लिखना।
2. ह्रस्व या संधि स्वरों को छाँटकर लिखना।
3. व्यंजनों का अनुक्रम से लिखना।
4. वर्गीय और अवर्गीय व्यंजनों को अनुक्रम से लिखना।
5. वर्गों को अनुसार वर्णों को पहचानना।
6. अनुनासिक वर्णों को गोला डालना।
7. स्वर और स्वरमात्राओं को मिलाना।
8. व्यंजन और व्यंजनांश का सही मिलान करना।
9. अल्पप्राण और महाप्राण का सही उच्चारण करना।
10. अल्पप्राण और महाप्राण वर्णों का अनुक्रम से लिखना।
11. अनुस्वार् और विसर्ग का सही प्रयोग करना।
12. संयुक्ताक्षरों को विच्छेद करना।
13. वर्णमाला के गीतों का गायन।
14. व्यंजनाक्षरों को स्वरमात्राओं से मिलाकर बारहखड़ी लिखना।
15. वर्णों को स्पष्टता के साथ उच्चारण करना।
16. वर्णमाला, बारहखडी-आदि को प्रत्यांकन, अनुलेखन करना।
17. वर्णमाला का श्रुतलेखन करना।
18. सरल शब्दों को श्रुतलेखन।
19. शब्दों का विच्छेद रूप लिखना और पहचानना।
20. सरल शब्दों की रचना करना।
21. शब्दों के अंत्याक्षरी का खेल।( उदा-काम-महल-लहर-रथ-थन-नयन)
22. मात्रायुक्त शब्दों की रचना करना।
23. द्वित्वयुक्त शब्दों की रचना करना।
24. संयुक्ताक्षरयुक्त शब्दों को पढ़ना और लिखना।
25. चित्रों के लिए उचित शब्द अभिव्यक्त करना।
26. 'र' (रेफ,पदेन,कोणात्मक रूप) मात्रायुक्त शब्दों की रचना करना।
27. शब्द समूह में से शुद्ध और अशुद्ध शब्दों को पहचानकर लिखना।
28. अशुद्ध और अशुद्ध वर्तनी के शब्दों का अंतर पहचानना।
29. ऋ का सही उच्चारण करना।
30. अनुस्वार (ं) या अनुनासिक (ँ) इनके प्रयोगों से सार्थक शब्द बनाना।

31.गतिशील चित्रों के लिए उपयुक्त वाक्य अभिव्यक्त करना।
32. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना।
33. वाक्यों का अनुलेखन, प्रतिलेखन और श्रुतलेखन।
34. वाक्यों में विराम चिह्नों का प्रयोग करना।
35. अपना परिचय सरल वाक्यों में देना।
36. परिवेश के अनुसार सरल वाक्यों की रचना करना।( उदा- वार्तालाप-बाज़ार,अस्पताल)
37. सरल कहानी,लेख और अनुच्छेद पढ़ना।
38. सरल कहानी,लेख और अनुच्छेद पढ़कर समझना।
39. चित्रकहानी पूर्ण लिखना।
40. सरल कहानी,लेख और अनुच्छेद को पढ़कर सरल प्रश्नों के उत्तर अभिव्यक्त करना।
41. कहानी में प्रयुक्त पात्रों का परिचय देना।
42. कहानी के लिए उचित शीर्षक देना।
43. समाचारपत्र, भितिपत्र और अन्य पत्र-पत्रिकाओं को पढ़कर समझना।
44. समाचारपत्र, भितिपत्र और अन्य पत्र-पत्रिकाओं में अभिव्यक्त विषय पहचानन।